चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा / डी0आर0 / 9443
दिनांक : 10-3-2025

विज्ञप्ति

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक : परीक्षा / डी0आर0 / 9413, दिनांक 28.02.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त परम्परागत एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के (मेडिकल एवं इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को छोड़कर) सत्र जून–2025 सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ, छठे, आठवे, दसवें) मुख्य / बैक पेपर / सेमेस्टर बैक परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर केवल ऑनलाईन माध्यम से भरवाये जा रहे हैं।

उपर्युक्त सन्दर्भित परीक्षा फार्म भरने की तिथि में निम्नवत विस्तार किया जा रहा है :-

ऑनलाईन पोर्टल पर परीक्षा फार्म उपलब्ध रहने की तिथि	:	दिनांक 10.02.2025 से 23.03.2025 तक
विभागों / महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि	:	दिनांक 26.03.2025 तक
सत्यापित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के सम्बन्धित विभागों में जमा करने की अन्तिम तिथि	:	दिनांक 28.03.2025 तक

उपर्युक्त सन्दर्भित परीक्षा फार्म भरने का यह अन्तिम अवसर है, इसके पश्चात् परीक्षा फार्म भरने का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

उपर्युक्त पत्र के शेष निर्देश यथावत् रहेंगे।

10.3.2025
परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u> :-

01. प्राचार्य / प्राचार्या / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान / विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने स्तर पर भी व्यापक रूप से समस्त सम्बन्धित छात्र / छात्रों को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को, प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. उप कुलसचिव / प्रभारी (परीक्षा / गोपनीय)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल / अति गोपनीय विभाग।
10. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों / अर्हता के अनुरूप ही उपर्युक्त सन्दर्भित समस्त परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
13. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के **<u>सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए</u>**, छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
14. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।

10/03
उप कुलसचिव (परीक्षा)